Revision Sheet For class - VIII
Hindi Grammar SA -2
Year - 2013-14

प्र०-1 दो उदाहरण सहित संधि की परिभाषा दीजिए।

प्र०-2 निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए।

(क) सत्यार्थ
(ख) प्रतीक्षा
(ग) वेदांत
(घ) भवन
(ङ) स्वेच्छा
(च) महोदय
(छ) महर्षि
(ज) अत्यंत
(झ) प्रत्येक
(ञ) स्वागत

प्र०-3 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थक शब्द लिखिए।

(क) अज
(ख) अनंत
(ग) अंक
(घ) अध
(ङ) अगम
(च) अच्छा
(छ) अर्क
(ज) अर्थ
(झ) अक्षर
(ञ) अंबर

प्र०-4 दो उदाहरण सहित मुहावरे की परिभाषा दीजिए।

प्र०-5 नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

(क) अंधे की लाठी
(ख) अँगूठा दिखाना
(ग) अक्ल का दुश्मन
(घ) अंगारे उगलना
(ङ) अकल पर पत्थर पड़ना
(च) अगर-मगर करना
(छ) आकाश-पाताल एक करना
(ज) आग बबूला होना
(झ) आस्तीन का साँप
(ञ) आँखों पर परदा पड़ना

प्र०-6 अनुच्छेद-लेखन - "हँसी का महत्व"

प्र०-7 पत्र-लेखन - "कार्यालयी पत्र"

"आपका टेलीफोन एक सप्ताह से खराब है। क्षेत्रीय अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।"

प्र०-8 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला मेरी क्यूरी थी। उनका जन्म निर्धन पोलिश परिवार में 7 नवंबर 1867 को हुआ था। उनका पहला नाम 'माया स्कलादोव्स्का' था। घर में प्यार से उसे 'मार्या' पुकारते थे। उनके पिता 'वारसा' के हाई स्कूल में अध्यापक थे। वे निर्धन थे, पर देश-भक्त थे। उन दिनों पोलैंड पराधीन था। वह तीन भागों में बँटा हुआ था। एक भाग रूस, दूसरा जर्मन और तीसरा आस्ट्रिया के अधीन था। मातृभूमि को अत्याचारों से मुक्त कराने के प्रयत्न में मार्या के पिता को नौकरी छोड़नी पड़ी। मार्या दस वर्ष की ही थी, तो उसकी माता परलोक सिधार गई।

(क) सबसे पहले किस महिला ने नोबेल पुरस्कार जीता?

(ख) मेरी क्यूरी का जन्म कब हुआ?

(ग) उनका पहला नाम क्या था और उसे प्यार से क्या पुकारते थे?

(घ) उनके पिता क्या कार्य करते थे?

(ङ) उन दिनों पोलैंड कितने भागों में बँटा हुआ था?

(च) मार्या के पिता ने नौकरी क्यों छोड़ी थी?

(छ) उनकी माता का देहांत कब हुआ?

(ज) विलोम शब्द : जन्म, घर, पिता, निर्धन, अध्यापक, देश, पराधीन।

(झ) मुहावरे का अर्थ लिखिए : परलोक सिधारना

(ञ) गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

प्र०-१ नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

पुजारी ! भजन, पूजन, साधन, अराधना
इन सबको किनारे रख दे।
द्वार बंद करके देवालय के कोने में क्यों बैठा है?
अपने मन के अंधकार में छिपा बैठा, तू कौन-सी
पूजा में मग्न है?
आँखें खोलकर देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
जहाँ मज़दूर पत्थर फोड़कर रास्ता तैयार कर रहे हैं,
तेरा देवता वहीं चला गया है।

(क) कवि पुजारी से किसे किनारे को रखने की बात कह रहा है?
(ख) द्वार बंद करके कौन कहाँ बैठा है?
(ग) कवि के अनुसार देवता कहाँ चले गए हैं?
(घ) विलोम शब्द : बंद, अंधकार, देवता
(ङ) वाक्य बनाओ : पत्थर, पूजा
(च) पर्याय शब्द : आँख, रास्ता
(छ) संधि-विच्छेद : देवालय
(ज) एक उपसर्ग व एक प्रत्यय लिखो।

—X—

Hindi Revision Sheet For class VIII
Year 2013-14
वसंत भाग - 3
SA-2

## कहानी - कामचोर

प्र०-1 कहानी में मोटे-मोटे किस काम के हैं? किन के बारे में और क्यों कहा गया?
प्र०-2 बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?
प्र०-3 "या तो बच्चा राज कायम कर लो या मुझे ही रख लो।" अम्मा ने कब कहा? और इसका परिणाम क्या हुआ?
प्र०-4 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?

## कहानी - जब सिनेमा ने बोलना सीखा

प्र०-1 जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-से वाक्य छापे गए? उस फिल्म में कितने चेहरे थे? स्पष्ट कीजिए।
प्र०-2 पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलमआरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।
प्र०-4 पहली सवाक् फिल्म के निर्माता-निर्देशक अर्देशिर को जब सम्मानित किया गया तब सम्मानकर्त्ताओं ने उनके लिए क्या कहा था? अर्देशिर ने क्या कहा? और इस प्रसंग में लेखक ने क्या टिप्पणी की है? लिखिए।

## कहानी: जहाँ पहिया है

जंजीरें : "--- उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई न कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं --- "

(1) आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा उन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?

पहिया : प्र०-1 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन - कौन से बदलाव आए हैं?

प्र०-2 प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

## कविता: सुदामा चरित

प्र०-1 सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

प्र०-2 "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्र०-4 द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में प्रकट कीजिए।

प्र०-5 अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## कहानी: अकबरी लोटा

प्र०-1 "लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे।"

लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे? अपने विचार लिखिए।

प्र०-२ 'लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।"
आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन- कौन सी बातें समझ ली होंगी?

प्र०-५ बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबन्ध कहाँ से किया था? लिखिए।

## कविता : कबीर की साखियाँ

प्र०-१ 'तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं'-उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्र०-२ पाठ की तीसरी साखी- जिसकी एक पंक्ति है 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते हैं?

प्र०-३ कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र०-४ मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ किस दोहे से व्यक्त होता है?

## कविता : सूरदास के पद

प्र०-१ बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

प्र०-२ श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या- क्या सोच रहे थे?

प्र०-५ मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन क्यों बिखरा देते हैं?

## कहानी : बाज़ और साँप

प्र०-1 घायल होने के बाद भी बाज़ ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।

प्र०-2 बाज़ ज़िन्दगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

प्र०-3 साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

प्र०-4 बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

प्र०-5 घायल बाज़ को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

## कहानी : टोपी

प्र०-1 गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला?

प्र०-3 टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस- किस के पास गई? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य को लिखें।

प्र०-4 गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुंदने क्यों जड़ दिए?

Note:
learn & Write

— X —